# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक: 10.11.2025

## प्रकाशनार्थ

## एन.सी.सी. कैडेट्स ने 'पीएम पंच प्रण' एवम् "मेरी माटी मेरा देश" अभियान पर किया संगोष्ठी का आयोजन

दिनांक 10.11.2025 गोरखपुर। 44 यूपी वाहिनी एन.सी.सी., गोरखपुर के तत्वावधान में दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर की एन.सी.सी. प्लाटून द्वारा आज दिनांक: 10–11–2025 पीएम पंच प्रण' एवम् "मेरी माटी मेरा देश" अभियान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी कार्यक्रम में महाविद्यालय के एन.सी.सी. सी.टी.ओ. डॉ. सुभाष चन्द्र ने पी.पी.टी. प्रेजेंटेशन के द्वारा एन.सी.सी. कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'पीएम पंच प्रण' का अर्थ हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के लिए ली गई पांच प्रतिज्ञाओं से है। ये पाँच प्रण हैं– विकसित भारत का संकल्प, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता, नागरिकों के कर्तव्य । ये प्रण अगले 25 वर्षों में, यानी 2047 तक, जब भारत अपनी आजादी के 100 साल पूरे करेगा, भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य पर केंद्रित हैं । मेरी माटी मेरा देश" अभियान और "पीएम पंच प्रण" एक–दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। वास्तव में, "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के दौरान गतिविधियों के हिस्से के रूप में "पंच प्रण" की शपथ लेना एक प्रमुख घटक था । "मेरी माटी मेरा देश" अभियान 9 अगस्त 2023 को "आज़ादी का अमृत महोत्सव" के समापन कार्यक्रम के रूप में शुरू किया गया था । इसका मुख्य उद्देश्य देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों (बहादुरों) को सम्मानित करना था । कैडेट नंदिनी सिंह ने पञ्च प्रण के अर्थों को स्पष्ट किया। कैडेट अंकित ने कहा कि देश को 2047 तक विकसित बनाने के लिए अपने कर्तव्यों को पूर्ण ईमानदारी से करना होगा। एनसीसी इंस्ट्रक्टर श्री सुमित कुमार गुप्ता ने कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि पञ्च प्रण का पालन करना हम सब का कर्तव्य है। यदि हम सभी अपने कर्तव्यों का पालन सत्यनिष्ठा से करेंगे तो हमें 2047 तक विकसित भारत बनने से कोई नहीं रोक सकता । कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी एन. सी.सी. कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया ।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क